<u>प्रादेशिक समाचार</u>

<u>दिनांक – 04.05.2026 (संध्या–1900 बजे)</u>

<u>मुख्य समाचार</u>

- पांच राज्यों के विधानसभा चुनावों में भाजपा का शानदार प्रदर्शन, पश्चिम बंगाल और असम में पूर्ण बहुमत के संकेत, झारखंड में भी जश्न का माहौल।
- मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन के बाद अब प्रदेश कांग्रेस ने भी जनगणना में अलग सरना धर्म कोड की मांग को लेकर केंद्र पर बनाया दबाव, आदिवासी पहचान बचाने की अपील।
- देश भर के स्वास्थ्य केंद्रों में आज से अखिल भारतीय अग्नि सुरक्षा सप्ताह शुरु, रांची के सदर अस्पताल में राज्य स्तरीय कार्यक्रम का आगाज।
- राजधानी रांची, बोकारो और जमशेदपुर समेत राज्य के कई जिलों में 9 मई तक आंधी–बारिश और वज्रपात की चेतावनी, मौसम विभाग ने जारी किया ऑरेंज अलर्ट।
- रांची में आयोजित ऑल इंडिया कराटे प्रतियोगिता में झारखंड बना ओवरऑल चैंपियन, जीते 27 स्वर्ण पदक।

******************

देश के पांच राज्यों के विधानसभा चुनाव परिणामों ने आज भारतीय राजनीति की नई दिशा तय कर दी है। पश्चिम बंगाल में भारतीय जनता पार्टी ऐतिहासिक जीत की ओर बढ़ रही है। ताजा रुझानों के अनुसार, भाजपा 293 में से 203 सीटों पर बढ़त बनाए हुए है, जबकि सत्ताधारी तृणमूल कांग्रेस मात्र 84 सीटों पर सिमटती दिख रही है। असम में मुख्यमंत्री हिमंता बिस्वा सरमा के नेतृत्व में भाजपा लगातार तीसरी बार सरकार बनाकर इतिहास रचने जा रही है। 126 सीटों में से पार्टी और उसके सहयोगियों ने बहुमत का आंकड़ा पार कर लिया है। पुडुचेरी में भी एनडीए गठबंधन सत्ता में वापसी कर रहा है। वहीं तमिलनाडु में अभिनेता से राजनेता बने विजय की पार्टी टीवीके ने स्थापित दलों को पीछे छोड़ते हुए बड़ा उलटफेर किया है। केरल में जनता ने बदलाव की लहर पर मुहर लगाते हुए कांग्रेस नीत यूडीएफ गठबंधन को स्पष्ट बहुमत की ओर धकेल दिया है।

******************

इन परिणामों के बाद दिल्ली से लेकर झारखंड तक भाजपा कार्यकर्ताओं में भारी उत्साह है। भाजपा की शानदार जीत से रांची स्थित प्रदेश कार्यालय में दिवाली और होली जैसा माहौल है। बंगाल में प्रचंड बहुमत और असम–पुडुचेरी में जीत पर प्रदेश अध्यक्ष आदित्य साहू ने इसे पीएम मोदी के विकास मॉडल की जीत बताया।

******************

राज्य के पूर्व मुख्यमंत्री अर्जुन मुंडा ने पश्चिम बंगाल में भाजपा की जीत को राष्ट्रभक्ति और कार्यकर्ताओं के संघर्ष का परिणाम बताया है। जमशेदपुर में उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व और अमित शाह की रणनीति ने बंगाल में जनआंदोलन को सफल बनाया। मुंडा ने असम और पुडुचेरी में मिली जीत को भी विकास की जीत करार दिया।

******************

इधर, झामुमो के केन्द्रीय प्रवक्ता मनोज पांडेय ने असम विधानसभा चुनाव में पार्टी के प्रदर्शन पर संतोष जताया है। श्री पांडेय ने कहा कि पहली बार स्वतंत्र रूप से चुनाव लड़कर पार्टी ने वहां एक मजबूत आधार तैयार कर लिया है।

******************

नेता प्रतिपक्ष बाबूलाल मरांडी ने मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन को पत्र लिखकर ग्रामीण कार्य विभाग की निविदा प्रक्रिया में बाहरी हस्तक्षेप का आरोप लगाया है। उन्होंने अधिकारियों को धमकाने और गाली–गलौज करने वाले दोषियों

पर तत्काल एफआईआर दर्ज करने की मांग की है। मरांडी ने इंजीनियरों की सुरक्षा और भयमुक्त वातावरण सुनिश्चित करने पर जोर दिया है।

******************

राज्य में सरना धर्म कोड को लेकर राजनीतिक सरगर्मी तेज हो गई है। मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन के बाद अब प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष केशव महतो कमलेश ने भी राष्ट्रपति, प्रधानमंत्री और राज्यपाल को पत्र लिखकर आगामी जनगणना में अलग सरना कोड शामिल करने की मांग की है। उन्होंने कहा कि आदिवासी पहचान और संस्कृति को बचाने के लिए यह कदम अनिवार्य है।

गौरतलब है कि मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन इस मुद्दे पर चर्चा के लिए फिलहाल दिल्ली में मौजूद हैं।

******************

केन्द्र सरकार ने कहा है कि देशभर में एलपीजी वितरकों के पास एलपीजी की कमी नहीं हुई है और व्यावसायिक एलपीजी आपूर्ति लगभग 70 प्रतिशत तक बहाल हो गई है। पेट्रोलियम और प्राकृतिक गैस मंत्रालय की संयुक्त सचिव सुजाता शर्मा ने नई दिल्ली में अंतर–मंत्रालयी ब्रीफिंग को संबोधित करते हुए कहा कि अप्रैल महीने में दो लाख 15 हजार टन से अधिक व्यावसायिक एलपीजी की बिक्री हुई है।

******************

धनबाद पुलिस अब तकनीक के जरिए अपराध पर अंकुश लगाएगी। एसएसपी प्रभात कुमार ने आज पुलिस केंद्र में तीन दिवसीय ड्रोन प्रशिक्षण कार्यशाला का उद्घाटन किया। इस पहल के तहत पुलिसकर्मियों को ड्रोन संचालन का थ्योरी और प्रैक्टिकल प्रशिक्षण दिया जा रहा है। एसएसपी ने बताया कि भविष्य में ड्रोन के जरिए पेट्रोलिंग शुरू की जाएगी, जिससे कानून–व्यवस्था बनाए रखने और निगरानी में मदद मिलेगी।

******************

रांची के बुढ़मू थाना क्षेत्र से पुलिस ने प्रतिबंधित उग्रवादी संगठन टीएसपीसी के सबजोनल कमांडर अरविंद राम को गिरफ्तार किया है। चार थानों की संयुक्त टीम ने अभियान चलाकर उसे पकड़ने में सफलता पायी। उसके पास से जिंदा कारतूस और मोबाइल बरामद किए गए हैं। पुलिस के अनुसार, वह क्षेत्र में लेवी वसूली और जासूसी का काम करता था।

******************

केन्द्रीय स्वास्थ्य और परिवार कल्याण मंत्रालय, सभी राज्यों, केंद्र शासित प्रदेशों और विभिन्न एजेंसियों के सहयोग से, देश भर में आज से अखिल भारतीय अग्नि सुरक्षा सप्ताह मना रहा है। इसका उद्देश्य स्वास्थ्य केंद्रों में अग्नि खतरों की रोकथाम और निवारण के महत्व के प्रति जागरूकता बढ़ाना है। इधर, रांची के सदर अस्पताल में आज से अग्नि सुरक्षा सप्ताह को लेकर राज्यस्तरीय कार्यक्रम की शुरुआत हुई। राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन के निदेशक शशि प्रकाश झा ने अधिकारियों और डॉक्टरों को सुरक्षा की शपथ दिलाई।

******************

मौसम विभाग ने अगले कुछ घंटों में देवघर, धनबाद, दुमका, गोड्डा, जामताड़ा, पाकुड़, पूर्वी सिंहभूम, पश्चिमी सिंहभूम और सरायकेला–खरसावां समेत कई जिलों के लिए तात्कालिक चेतावनी जारी की है। इन इलाकों में मेघ गर्जन के साथ मध्यम दर्जे की बारिश, वज्रपात और ओलावृष्टि की प्रबल संभावना है। इस दौरान 40 से 50 किलोमीटर प्रति घंटे की रफ्तार से हवाएं भी चलेंगी। विभाग ने 9 मई तक पूरे राज्य में आंधी, बारिश और वज्रपात का अलर्ट जारी किया है।

******************

रांची में आयोजित तीसरी सिकोकई ऑल इंडिया ओपन कराटे चैंपियनशिप में झारखंड 27 स्वर्ण पदकों के साथ ओवरऑल चैंपियन बना है। बंगाल दूसरे और उड़ीसा तीसरे स्थान पर रहा। महिला वर्ग में रांची की साक्षी ओझा और पुरुष वर्ग में इंडियन आर्मी के मोहन ने सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन कर खिताब अपने नाम किया।

******समाप्त*******